दैनिक जागरण 09/04/2023

# प्रतियोगिता में साई चंद्रन ने जीता पुरस्कार

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में प्रोग्रामिंग कौशल परीक्षण पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीस विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस में बीसीए प्रथम वर्ष के छात्र साई चंद्रन को असाधारण प्रोग्रामिंग कौशल के लिए पहला पुरस्कार मिला। दूसरा और तीसरा पुरस्कार क्रमश: भारती और दिलेर सिंह को दिए गए। विद्यार्थियों को कार्यवाहक प्रिंसिपल डा. सीमा कंसल व डा. कृष्ण कुमार निदेशक ने सम्मानित किया। इस दौरान डा. सुरजीत सिंह, प्रो. उपिंदर कौर, प्रो. नीलम केश्वर आदि मौजूद रहे। कालेज में मनोवैज्ञानिक, अर्थशास्त्र विभाग, वूमन सेल पर रैली हुई।